जनपद हमीरपुर

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

दिनांक 06.06.2026

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में सीसीटीएनएस संचालन में जनपद ने प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में जनपद हमीरपुर ने सीसीटीएनएस (Crime and Criminal Tracking Network & Systems) के प्रभावी संचालन एवं उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के आधार पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा अप्रैल-2026 के आंकड़ों के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

जनपद को प्राप्त यह गौरवपूर्ण उपलब्धि पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के कुशल निर्देशन एवं नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस/अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व, सतत पर्यवेक्षण तथा प्रभावी मॉनिटरिंग का प्रतिफल है। इसके अतिरिक्त सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, जनपद के समस्त सीसीटीएनएस ऑपरेटरों एवं संबंधित पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए समर्पित, गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी दक्षता युक्त कार्यों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सीसीटीएनएस के माध्यम से अपराध एवं अपराधियों से संबंधित सूचनाओं का त्वरित संकलन, अद्यतन अभिलेखीकरण, डेटा की गुणवत्ता एवं समयबद्ध प्रविष्टियों सहित विभिन्न तकनीकी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप जनपद हमीरपुर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा जनपद पुलिस के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई। साथ ही जनपद स्तरीय सीसीटीएनएस की अप्रैल-2026 की रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले थानों को भी विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया, जिनमें थाना कुरारा एवं थाना कोतवाली नगर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, थाना मौदहा द्वितीय स्थान तथा थाना मझगवां तृतीय स्थान पर रहे।

पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी समर्पण, लगन एवं तकनीकी दक्षता के साथ कार्य करते हुए जनपद हमीरपुर को प्रदेश स्तर पर अग्रणी बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।